सुविचार

कभी भी किसी की उपेक्षा न करें और न ही घृणा की दृष्टि से देखें, सभी के साथ प्रेम और करुणा का व्यवहार करें।
- रामप्रसाद बिस्मिल

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत दें

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 112 ● मुंबई, शुक्रवार 20 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### सुशासन सप्ताह का शुभारंभ



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिले में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने फीता काटकर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार कक्ष से गुरुवार को किया गया, जो कि 24 दिसम्बर तक आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रतापगढ़ उपखण्ड अधिकारी मणिलाल तीरगर, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी धनदान देथा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीवराज मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### उदयपुर में चार डाइट की संयुक्त सर्वे शोध की प्रतिवेदन लेखन द्वितीय कार्यशाला आरंभ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), उदयपुर के तत्वावधान में संयुक्त सर्वे शोध की तीन दिवसीय प्रतिवेदन लेखन कार्यशाला गुरुवार को आरंभ हुई। डाइट प्रधानाचार्य डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि डाइट के सेवारत प्रभाग प्रभारी अमृता जोशी के संयोजन में संयुक्त सर्वे शोध की इस तीन दिवसीय प्रतिवेदन लेखन की द्वितीय कार्यशाला का मे उदयपुर, भीलवाड़ा, पाली तथा नागौर जिले की डाइट से संबंधित शोध विशेषज्ञ भाग लें रहे है। इन शोध विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के समग्र विकास में खेलों के योगदान का अध्ययन विषय पर संयुक्त सर्वे का प्रतिवेदन लेखन कार्य किया जा रहा है। इस कार्यशाला में 20 संभागी भाग ले रहे है।

### केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के विवादित बयान पर एनएसयूआई उदयपुर ने किया प्रदर्शन



● पदमावत मीडिया

**मेनार।** बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान के खिलाफ एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ जी आदेशानुसार एनएसयूआई उदयपुर ज़िला प्रतिनिधि नीरज मेघवाल एवं हितेश कटारिया रानीवाड़ा द्वारा विरोध प्रदर्शन कर सुखाड़िया विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर टायर जला कर विरोध किया गया। युवा प्रतिनिधि नीरज मेघवाल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का बयान परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के ऐतिहासिक योगदान और सामाजिक न्याय के लिए उनके संघर्ष का अपमान है। केंद्र सरकार की तानाशाही रैवए के खिलाफ उग्र आंदोलन की चेतावनी की चेतावनी दी। इस दौरान छात्र संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड गिरोह के विरूद्व थाना साइबर व साइबर सेल की बडी कार्रवाई

# एक डॉक्टर सहित दो अभियुक्त धौलपुर से गिरफ्तार

**ऑपरेशन एन्टी वायरस के तहत करोड़ों रूपये की साइबर ठगी के गिरोह का पर्दाफाश**
**16 राज्यों से 51 साइबर फ्रॉड के प्रकरण दर्ज, 10 करोड़ से अधिक है ठगी की रकम**

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ में साइबर फ्रॉड गिरोह के विरूद्व थाना साइबर व साइबर सेल की ऑपरेशन एन्टी वायरस के तहत करोड़ों रूपये की साइबर ठगी के मामलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए ठग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए फर्जी फर्म के डायरेक्टर सहित एक डॉक्टर को धौलपुर जिले से गिरफ्तार किया है। साइबर पोर्टल पर फर्जी फर्म के विरुद्ध 16 राज्यों से 51 साइबर फ्रॉड के प्रकरण दर्ज हुए, जिनमे ठगी की रकम 10 करोड़ से अधिक की है। एसपी अरशद अली ने बताया कि 23 अप्रैल को परिवादी सुनील कुमार पुत्र निवासी वार्ड नं0 17 पक्का सहारणा ने रिपोर्ट दी कि टेलीग्राम एप पर एक अन्जान मोबाइल नम्बर से मैसेज आया, जिसमें उसके साथ कॉलेज मे पढ़ने वाले दोस्त की फोटो लगी हुई थी। जिसे दोस्त समझकर उसने एप पर बातचीत में अपनी जानकारी शेयर कर दी। उक्त व्यक्ति ने ट्रेडिंग के माध्यम से प्रतिदिन 02 से 03 लाख रूपये कमाने व लग्जरी लाईफ स्टाईल के सपने दिखा कर लगभग एक माह तक उनके बताए विभिन्न खातों में 94 लाख 70 हजार 300 रूपये ट्रांसफर करवा लिए। रिपोर्ट पर पुलिस थाना साइबर पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान पुलिस निरीक्षक रणवीर सिंह बेनीवाल द्वारा शुरू किया गया। एसपी अरशद अली द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी एवं परिवादी की रकम रिफण्ड करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। अनुसंधान अधिकारी मय टीम द्वारा साइबर ठग गिरोह द्वारा उपयोग मे लिये गये बैंक खातों की जांच कर फर्जी फर्म के नाम से बैंक में खुले करंट अकाउंट के खाताधारक सुधीर यादव पुत्र कल्याण सिंह यादव (34) निवासी कायस्थ पाडा,-थाना निहालगंज व उसके मुख्य सहयोगी व खाते को उपयोग में लेने वाले डेंटल डॉक्टर आनन्द सोनी पुत्र बलवीर सिंह दतक पुत्र सन्तोष कुमार (39) निवासी तलैया रोड़, थाना निहालगंज जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। गठित विशेष टीम द्वारा मामले में परिवादी सुनील कुमार के बैंक खाते में 10 लाख की रकम रिफण्ड करवा दी है। रिमाइंड में शेष रकम एवं अन्य साथियों के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

### फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन करवा खुलवाया बैंक में करंट अकाउंट

साइबर गिरोह के सदस्यों द्वारा सर्वप्रथम भारत सरकार के उद्यम पोर्टल पर सुधीर इन्टरप्राईजेज के नाम से फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन किया। उसके बाद फर्म के नाम से मोहर बना बैंक में फर्जी फर्म व सुधीर यादव नाम से करंट अकाउंट खोला। उसके बाद उक्त खाते को साइबर फ्रॉड करने में उपयोग किया गया।

### साइबर पोर्टल पर 16 राज्यों में 51 साइबर ठगी के मामले, ठगी की रकम 10 करोड़ से अधिक

आरोपियों के इन खातों को साइबर पुलिस पोर्टल व जेएमआईएस पोर्टल पर चैक किया तो उपर्युक्त खाते के विरूद्ध महाराष्ट से 9, तेलंगाना से 7, आन्ध्र प्रदेश से 6, कनार्टक से 5, तमिलनाडू से 4, राजस्थान व केरल से 3-3, उत्तर प्रदेश, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, गुजरात व पश्चिम बंगाल से 2-2 एवं हरियाणा, पंजाब, ओडिशा व छतीसगढ़ से 1-1 इस प्रकार कुल 51 साइबर फ्रॉड के प्रकरण दर्ज है। जिनमें साइबर ठगी की कुल राशि दस करोड़ एक लाख अस्सी हजार आठ सौ पैसठ रूपये है।



### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

इस कार्रवाई में साइबर पुलिस थाना से इंस्पेक्टर रणवीर सिंह बेनीवाल, हैड कांस्टेबल, विजय आन्नंद, कांस्टेबल प्रमोद कुमार, पकंज कुमार व गजराज सिह शामिल थे।

## ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

**गलियाना तालाब के पास से पकड़ा, एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर खाते में डलवाते थे रुपए**




● पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिले के दोवड़ा थाना पुलिस ने फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले 3 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लोगों को झांसे में लेकर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन बरामद किए हैं। वहीं, आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दोवड़ा थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि साइबर अपराध और फर्जी एस्कॉर्ट सर्विस के नाम पर ठगी की शिकायतें मिल रही थी। इस पर पुलिस की टीम गलियाना तालाब के पास पहुंची। तालाब के किनारे 4 व्यक्ति मोबाइल पर बात कर रहे थे और लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे थे। पुलिस को देखते ही बदमाश भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेरा डालकर 3 बदमाशों को दबोच लिया। वहीं, एक बदमाश झाड़ियों की आड़ में बचते हुए भाग गया।

पुलिस ने पकड़े गए तीनों युवकों से नाम पता पूछा, जिस पर उन्होंने डायालाल (22) पुत्र देवेंग पाटीदार निवासी बडलियां, ललित (20) पुत्र अमरजी पाटीदार निवासी गलियाना और ईश्वर (23) पुत्र देवजी पाटीदार निवासी गामड़ी देवकी को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों के पास से एक-एक मोबाइल फोन मिला है, जिनमें 2-2 सिम लगी हुई थी। आरोपी व्हाट्स चेट ओर मनी ट्रांसफर ऐप के माध्यम से माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है। वहीं, फरार आरोपी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## जगत में जरूरतमंद परिवारों को बांटी ऊनी कंबले और स्कूल बैग



पदमावत मीडिया संवाददाता

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राष्ट संत आचार्य सुनील सागरजी महाराज की मंगल प्रेरणा से आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर द्वारा चल रहे कम्बल वितरण अभियान के तहत गुरुवार को बीसा नागदा समाज के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी रमेश संघवी (जगत) के जन्मदिन पर जगत पंचायत क्षेत्र के वेला, भाटिया तालाब , सुरावाला, दानाफला में जरूरतमंद परिवारों को ऊनी कम्बल वितरण किए गए। साथ ही कमलेश कोठारी भींडर की ओर से बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार, पूर्व उप सरपंच निर्भय सिंह देवड़ा, जसराज डाबी, नंदलाल सोनी, निर्मल रावत मौजूद रहे। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने भामाशाह रमेश सिंघवी और कमलेश कोठारी का आभार व्यक्त किया। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है । फाउंडेशन द्वारा दिसंबर माह में शीतकाल में 200 से अधिक जरूरतमंद लोगों को दानदाताओं के माध्यम से कम्बल वितरण किए गए है। राष्ट संत आचार्य सुनील सागरजी महाराज की मंगल प्रेरणा से आदिब्रह्मा आदिनाथ फाउंडेशन, भींडर द्वारा चल रहे कम्बल वितरण अभियान के तहत गुरुवार को बीसा नागदा समाज के प्रसिद्ध उद्योगपति, समाजसेवी रमेश संघवी (जगत) के जन्मदिन पर जगत पंचायत क्षेत्र के वेला, भाटिया तालाब , सुरावाला, दानाफला में जरूरतमंद परिवारों को ऊनी कम्बल वितरण किए गए। साथ ही कमलेश कोठारी भींडर की ओर से बच्चों को स्कूल बैग वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार, पूर्व उप सरपंच निर्भय सिंह देवड़ा, जसराज डाबी, नंदलाल सोनी, निर्मल रावत मौजूद रहे। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने भामाशाह रमेश सिंघवी और कमलेश कोठारी का आभार व्यक्त किया। संस्था निदेशक अनिल स्वर्णकार ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है । फाउंडेशन द्वारा दिसंबर माह में शीतकाल में 200 से अधिक जरूरतमंद लोगों को दानदाताओं के माध्यम से कम्बल वितरण किए गए है।

**जिले में सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान की हुई शुरुआत**

## सलूंबर पंचायत समिति वीसी कक्ष में आयोजित हुआ शिविर



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार गुरुवार को सलूंबर पंचायत समिति स्थित वीसी कक्ष में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न राजकीय विभागों के अधिकारियों कार्मिकों द्वारा जन शिकायतों का निस्तारण किया गया एवं नागरिकों हेतु तत्काल सेवा प्रदायगी सुनिश्चित की गई। शिविर में कुल 42 परिवाद प्राप्त हुए जिनका त्वरित निस्तारण किया गया। इस अवसर पर एसडीम पर्वत सिंह चुंडावत,बीडीओ खुमान सिंह, सहित अधिकारी कार्मिक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### आज पंचायत समिति सराडा में आयोजित होगें शिविर

सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के अंतर्गत 20 दिसंबर को पंचायत समिति सराडा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**उदयपुर सहित विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि मंडल पहुंचे जयपुर**

## नर्सिंग अधिकारी भर्ती मामलाः जल्द पोर्टल ओपन कर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** राजस्थान में नर्सिंग अधिकारी भर्ती 2023 की फाइनल सूची जारी हो चुकी है। वही जल्द पोर्टल ओपन कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग एवं विभाग एवं सरकार का आभार व्यक्त करने हेतु वर्षो से संघर्षरत नर्सिंग नेतृत्व ने गुरुवार को जयपुर स्थित स्वास्थ्य भवन के स्वास्थ्य विभाग निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अराजपरिक राकेश शर्मा से भेंट की। आभार सहित अन्य मांगो को लेकर उदयपुर सहित विभिन्न जिलों से प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को जयपुर पहुंचे। उक्त भर्ती में वर्षो से संघर्षरत अनूप यादव एवं उदय सिंह मीणा ने बताया कि गुरुवार को प्रदेश भर से आए नरसिंह अभ्यर्थियों का माला एवं अपरणा अभिनंदन किया गया। निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अधिकारी राकेश शर्मा एवं राज्य सरकार के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़, सहित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वही जल्दी पोर्टल ओपन नर्स अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु मांग की गई। साथ ही इस भर्ती में पति-पत्नी का चयन एक साथ होने पर एक ही जगह पोस्टिंग की मांग भी रखी गई। जिस पर शर्मा ने उक्त मांगों पर सकारात्मक और जल्द पोर्टल ओपन करने की बात कही।



## स्कूली बच्चों को मिले स्वेटर, ठिठुरन हुई दूर

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** उदयपुर जिले के सरकारी स्कूलों के जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण करने राजस्थान समाज सेवा संस्थान उदयपुर का सेवा अभियान लगातार जारी है। संस्थान की और से राजकीय प्राथमिक विद्यालय खालियों की भागल और उच्च प्राथमिक विद्यालय उपली बड़ी में बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। प्रधानाध्यापक मुकेश खटीक और नंदलाल मेघवाल ने संस्थान के प्रयास की सराहना की। दोनों ही स्कूलों में अधिकांश बच्चों के पास स्वेटर नहीं थे और सर्दी में ठिठुरते हुए स्कूल आ रहे थे। संस्थान के संरक्षक दिनेश कोठारी ने बताया कि संस्थान अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, युगल किशोर जोशी, सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक नारायणलाल शर्मा व विनिश व्यास ने स्वेटर वितरण में सेवाएं दी।




**अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई**

# अधिकारी जन समस्याओं के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित करेंः अतिरिक्त जिला कलक्टर

● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** सुशासन सप्ताह के तहत जिला कलक्ट्रेट वीसी कक्ष में जन सुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर ही समाधान कर राहत पहुंचाई। आमजनों के परिवादों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजलक्ष्मी गहलोत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से सभी उपखंड अधिकारियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायत स्तर एवं उपखंड स्तर पर आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में समस्याओं का त्वरित निराकरण करें ताकि जिला स्तरीय जनसुनवाई में इसके अभाव में लोगों को नहीं आना पड़े। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से परिवादी अपने अभाव अभियोग लेकर उपस्थित हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एक-एक कर परिवादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से परिवाद आए।साफ सफाई, पेंशन परिलाभ, कार्यों की गुणवत्ता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आमजन की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों से स्थिति रिपोर्ट पेश करने को कहा। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, डीओआईटी उप निदेशक जीवन राम मीणा, सहायक अभियंता पीएचईडी अनुकूल खोखर, उप निदेशक पशुपाल विभाग डॉ हरिकेश मीणा, डीएसओ दीपक कुल्हार, क्षे. व. अ दिलीप सिंह चौहान, कृषि विभाग गोस मोहमद, टीएडी नोडल अधिकारी वेद प्रकाश, पीआरओ पुष्पक मीणा सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।



**आरोपी की तलाश में पुलिस ने किया करीब 7000 किलोमीटर का सफर तय**

# चूरू कलेक्ट्री सर्किल के पास 12.40 लाख की लूट में वांछित ईनामी आरोपी गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**चूरू।** जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने 9 जुलाई को कलेक्ट्री सर्किल के पास एक युवक से 12.40 लाख रुपए से भरा बैग की लूट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी प्रदीप हुडा पुत्र महावीर प्रसाद (21) निवासी पहाड़सर थाना बिसाउ जिला झुन्झुनु को राजगढ़ कस्बे से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर दो हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है। एसपी जय यादव ने बताया कि घटना के सम्बंध में 11 जुलाई को जहीर खां पुत्र जंगशेर खां (20) निवासी राणासर थाना सदर ने रिपोर्ट दी थी कि 09 जुलाई को प्रदीप हुडा निवासी पहाडसर, पंकज मेघवाल निवासी अलसीसर व सोयल निवासी बिसाउ उसके साथ मारपीट कर 12 लाख 40 हजार रुपये से भरा बैग लूट कर ले गये। जिस पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर तफतीश एएसआई विरेन्द्र सिह के सुपुर्द की गई। आरोपियों की तलाश व रकम की बरामदगी के लिए एएसपी लोकेन्द्र दादरवाल व सीओ सुनिल कुमार झाझडिया के सुपरविजन में थाना कोतवाली से एएसआई जयवीर सिह एवं कांस्टेबल नवीन कुमार की टीम का गठन किया गया। जिनके द्वारा पूर्व में आरोपी सोयल (21) निवासी बिसाउ व मुकेश मेघवाल (20) निवासी राणासर थाना सदर चूरू को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के बाद से ही फरार आरोपी प्रदीप हुड्डा के सम्बन्ध मे सूचना देने पर 2000 रुपये का इनाम घोषित किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी प्रदीप हुड्डा का जयपुर, अलवर, दिल्ली होते हुये बैंगलूरु तक लगातार पीछा कर आरोपी के मिल सकने वाले स्थानो पर दबिश दी गई। बैंगलूरू से दिल्ली, भिवानी, हिसार राजगढ तक करीब 7000 किलोमीटर तक लगातार पीछा कर कस्बा राजगढ से दस्तायाब कर गिरफतार किया गया। आरोपी से अनुसंधान किया जा रहा है। आरोपी की दस्तयाबी मे कांस्टेबल नवीन कुमार का विशेष योगदान रहा है।



# 21 दिसम्बर को सूर्य सायन मकर में प्रवेश करेगा: सामवेदी वैभव त्रिवेदी

पदमावत मीडिया

(माणकमल भंडारी)

**भीनमाल।** सामान्यतः हम मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाते है परंतु वास्तविकता यह है कि सूर्य 21-22 दिसम्बर को ही मकर में प्रवेश कर जाता है। सामवेदी वैभव त्रिवेदी ने बताया कि सायन सूर्य मकर राशि में 21 दिसम्बर को 14.52 पर प्रवेश करेगा। ज्योतिष में गणित की दो प्रकार की विधियां प्रचलित है, सायन और निरयन। सायन गणित भारत को छोड़कर पूरे विश्व में अपनायी जाती है। साथ ही यह प्रत्यक्ष गणित है। इस गणित में लाखों वर्षों के बाद भी किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता है। परन्तु भारतीय निरयन पद्धति में सूर्य व पृथ्वी के अंतराल को अयनांश रूप में गिनते है। पृथ्वी अपनी धूरी पर घूमते हुए प्रतिवर्ष 55 विकला अथवा करीब 72 से 90 वर्षों में एक अंश पीछे रह जाती है। ईस्वी सन् 285 में अयनांश शून्य था, उस समय भारत में भी मकर संक्रांति 21 दिसम्बर को मनाई जाती थी। चूंकि उस समय निरयन व सायन गणित से 21 दिसम्बर को रवि उत्तरायण में प्रवेश करता था। परन्तु दोनों गणित में प्रति वर्ष अंतर बढ़ता जा रहा है, जो वर्तमान में लगभग 24 अंश हो चुका है। लगभग आज से 700 वर्ष बाद 34 हो जाएगा तब हम मकर संक्रांति 24 जनवरी को मनाएंगे। चूंकि



करीब 72 वर्षों में तीन पीढ़ियां गुजर जाती है तथा वर्तमान में पिछले लगभग 72 वर्षों से 14 जनवरी को मकर संक्रांति मना रहे है । अतः हम उसे स्थायी तारीख की संज्ञा देने लगे है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। वास्तव में सूर्य धनु से मकर में नहीं जाता, सूर्य हमें यहाँ से ऐसा करता दिखता है। दिखना सापेक्षता है, यह पृथ्वी से तय होता है और इसी दिन से शिशिर ऋतु प्रारंभ होती है। त्रिवेदी ने बताया कि संक्रांति को समझने का प्रयत्न करते है कि क्रान्ति शब्द में लाँघने का भाव है। किसी ने कुछ लाँघा और क्रान्ति हो गयी। फिर जब यही लाँघना सम्यक् ढंग से हुआ, तो सम्-योग क्रान्ति = संक्रान्ति हो गयी। उत्तरायण और दक्षिणायन को समझने के लिए उत्तर-दक्षिण को समझना होगा । सामान्यतः ऐसा सूर्य के उगने-डूबने की दिशाओं से तय है। सामान्य लोग सूरज के उगने-डूबने से पूर्व-पश्चिम-उत्तर-दक्षिण तय करते हैं, जबकि दिशाओं से सूरज का उगना-डूबना तय होता है। पूर्व-पश्चिम नहीं बदलते, सूरज का उगना-डूबना बदल जाता है। सामवेदी ने बताया कि सूर्य प्रतिदिन एकदम पूर्व से न तो उगता है और न पश्चिम में डूबता है। वह ऐसा केवल दो दिनों में ही करता है। वह है, इक्कीस मार्च और इक्कीस सितम्बर। इक्कीस मार्च के बाद से सूर्य रोज धीरे-धीरे पूर्व से खिसक कर उत्तर की ओर बढ़ता जाता है, यानी वह दरअसल पूर्व में न उग कर थोड़ा-थोड़ा उत्तर-पूर्व में उगता है। ऐसा करते-करते इक्कीस जून आ जाता है, जिस दिन सूर्य सर्वाधिक पूर्वोत्तर में उगता है। फिर वह वापस सटीक पूर्व की ओर लौटना शुरू करता है। यही दक्षिणायन है। दक्षिणायन यानी जब सूर्योदय दक्षिण की ओर बढ़ने लगे। इक्कीस सितम्बर को सूर्य वापस ठीक पूर्व में उगता है और उसके बाद दक्षिण की ओर उगना शुरू कर देता है। हर दिन उसे उगता देखने पर वह थोड़ा दक्षिण-पूर्व में उगता मालूम देगा। ऐसा करते-करते इक्कीस दिसम्बर आ जाता है। उस दिन सूर्य सबसे अधिक दक्षिण-पूर्व में उगा होता है। फिर अगले दिन से वह वापस पूर्व की ओर लौटने लगता है और इक्कीस मार्च को ठीक पूर्व में उगता है। तो फिर संक्रान्ति तो 21 दिसम्बर को हो गयी। उत्तरायण तो तभी से आरम्भ हो गया। इस प्रकार 21 दिसम्बर से ही सूर्य दक्षिण से लौटने लगा।

### सूर्य पृथ्वी की परिक्रमा नहीं करता हैं

त्रिवेदी ने बताया कि सूर्य पृथ्वी की परिक्रमा नहीं करता, बल्कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है। जिस पथ पर वह सूर्य के चारों ओर घूमती है, वह क्रान्तिवृत्त कहलाता है। लेकिन वह अपने अक्ष पर लगभग साढ़े तेईस डिग्री झुकी हुई भी है। यह झुकाव ही सर्दी-गर्मी और अन्य ऋतुओं का मूल है। पृथ्वी को बीचों-बीच किसी सन्तरे या गेंद की तरह अगर काटा जाए, तो जो वृत्ताकार तल बनता है उसे बड़ा कर दीजिए। आपको एक बड़ा गोल तल मिलेगा, जिसे भूमध्य-वृत्त कहते हैं। चूँकि पृथ्वी अपने अक्ष पर तिरछी है, इसलिए जाहिर है, यह भूमध्य-वृत्त भी तिरछा है। यानी पृथ्वी के क्रान्ति-वृत्त और इस भूमध्य-वृत्त के बीच लगभग साढ़े तेईस अंशों का कोण है। पृथ्वी का यह क्रान्ति-वृत्त ही बारह राशियों में प्राचीन ज्योतिषियों-खगोलज्ञों ने बाँटा। उन्हें बारह नाम दिये। जिन्हे बारह राशि के नाम से सभी जानते है।

# टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024-25 का शानदार आगाज



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर साइंस एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा बाइटकॉन नेक्सस टेक्नो एकेडमिक डिपार्टमेंटल एक्टिविटीज 2024- 25 का शानदार आगाज किया गया। चार दिवसीय इस आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । अधिष्ठाता विज्ञान संकाय डॉ रेणू राठौड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन कर्नल प्रो शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ महेंद्र सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ एवं कुल सचिव डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़ द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ खातून कत्थावाला ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस क्विज कंपटीशन, एडवर्टाइजमेंट, पोस्टर प्रेजेंटेशन, पीपीटी प्रेजेंटेशन आदि प्रतियोगिता हुई जिसमें अधिकांश संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग से भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ सुनीता जैन, डॉ गिरधरपाल सिंह, डॉ प्रीती मेहता, डॉ प्रवीणा राठौड़ डॉ अंजुम मेहताब, डॉ मोनिका राजावत, डॉ चंद्रपाल सिंह चौहान, डॉ सृष्टिराज सिंह चुंडावत, डॉ कामिनी गौड़ आदि सम्मिलित थे। इस आयोजन की समन्वयक डॉ निशा तंवर ने बताया कि इस अवसर पर डॉ संगीता राठौड़, डॉ राजेश सोनी, डॉ विवेक चपलोत, डॉ महिपाल सिंह देवड़ा, डॉ प्रियंका शक्तावत, डॉ हरिओम सिंह राणावत, लेफ्टिनेंट शैलजा राणावत भी उपस्थित रहे

# ऋण योजनाओं का लाभ दिलाने दो दिवसीय शिविर प्रारंभ




पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं एवं विकास सहकारी निगम लि द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए राहड़ा फाउंडेशन और मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट की ओर से दो दिवसीय शिविर गुरुवार से प्रारंभ हुआ। राहडा फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती अर्चनासिंह चारण ने बताया कि इस शिविर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं दिव्यांगजन की महिलाओं एवं पुरुषों के लिए विभिन्न वित्त सहायता की योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लोगों से आवेदन लिए गए। पहले ही दिन लोगों में शिविर को लेकर काफी उत्साह दिखा। शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से भी आवेदक आए तथा कई लोगों ने वाट्सअप के माध्यम से भी अपने आवेदन भेजे। श्रीमती चारण ने बताया कि अपने रोजगार और परिवार के विकास के लिए लोग समय पर जागरुक हो जाए तो समस्या ही क्यों आए। इस योजना का लाभ उठाने के इच्छुक लाभार्थी अपने आवश्यक दस्तावेजों जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, चार पास्पोर्ट फोटो आदि के साथ शिविर में व्यक्तिगत संपर्क कर सकते हैं। शुक्रवार को भी शिविर प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट, जय अम्बे आश्रम, मीरा कॉलोनी आयड़ पर आयोजित होगा।

# देवड़ा बने बिजली इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ जोधपुर डिस्कॉम के संगठन सचिव

पदमावत मीडिया

(माणकमल भंडारी)




**भीनमाल।** बिजली इंजीनियर एसोसिएशन ऑफ जोधपुर डिस्कॉम ( बेजोड़ ) के छठे अधिवेशन में नवीन कार्यकारिणी हेतु स्थानीय कार्यवाहक अधिशाषी अभियंता भरत देवड़ा संगठन सचिव निर्वाचित हुए है । जोधपुर डिस्कॉम के स्थानीय कार्यालय में सहायक अभियंता के पद पर कार्यरत भरत देवड़ा शुरू से ही कर्मचारियों के हित में कार्य करने एवं उपभोक्ताओं के काम में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व बरतने के रूप में अपनी पहचान बना कर क्षेत्र में अपने अलग ही अंदाज में कामयाबी हासिल की है । भरत देवड़ा के बेजोड़ संस्था में संगठन सचिव निर्वाचित होने पर पत्रकारों ने पूछा कि किस प्रकार डिस्कॉम के निजीकरण को रोकने में अहम् भूमिका निभाई जायेगी। तब पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि सबसे पहले कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जायेगा । देवड़ा ने बताया कि किसी भी कर्मचारी का अहित नहीं होने दिया जायेगा। देवड़ा के संगठन सचिव निर्वाचित होने पर जोधपुर डिस्कॉम के स्थानीय अभियंताओं एवं कर्मचारियों में हर्ष की लहर दौड़ गई । देवड़ा के संगठन सचिव निर्वाचित होने पर अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने देवड़ा को बधाई देकर शुभकामनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि देवड़ा पूर्व में भी संयुक्त सचिव के पद पर सफलता पूर्वक कार्य कर चुके हैं। इनके संगठन के प्रति निष्ठा और कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए इन्हें पुनः संगठन सचिव के पद का दायित्व सौंपा गया है ।

## अलवर जिले में थाना साइबर पुलिस की कार्रवाई

# 85.43 करोड़ रुपये की साइबर ठगी में नासिक से आरोपी गिरफ्तार

**फेसबुक पेज पर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग कर रुपये बढाकर देने का लालच देता, फर्जी एप्लिकेशन से करता ऑनलाईन धोखाधड़ी**

पदमावत मीडिया




**अलवर।** जिले के रहने वाले एक दंपति से 85.43 करोड रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में जिले की साइबर थाना पुलिस ने आरोपी जैद मोहम्मद खान पुत्र कयूम मोहम्मद (21) निवासी थाना मुंबई नाका जिला नासिक महाराष्ट्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी फेसबुक पेज पर फर्जी विज्ञापन देकर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग कर मोटा मुनाफा देने का लालच दे आनलाईन धोखाधडी किया करता था। एसपी संजीव नैन ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवादी भूनेश कुमार सैनी द्वारा साईबर थाना अलवर पर प्रकरण पंजीबद्ध करवाया गया था कि जून 2024 मे फेसबुक पेज पर शेयर मार्केट मे ट्रेडिंग के नाम पर रुपये लगा कर अच्छा प्रोफिट देने का विज्ञापन देकर फर्जी एप्लिकेशन डाउनलोड करवा कर परिवादी व उसकी पत्नि से 85.43 करोड़ रुपये साइबर ठगों ने अलग अगल खातों में ट्रान्सफर करवा कर धोखाधडी की है। प्रकरण की घटना को गंभीरता को देखते हुए एसपी नैन द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक तेजपाल सिंह व डीएसपी यातायात मुकेश चौधरी के मार्गदर्शन एवं एसएचओ साइबर थाना पुलिस निरीक्षक श्रीराम मीना की टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा मामले मे पीड़ित परिवादी व उसकी पत्नि के खातों से करीब 66 लाख रुपये की रकम संदिग्ध बैंक खाते मे प्राप्त होना पाया। इस पर आसूचना एवं तकनीकी सहायता से आरोपी जैद कयूम खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के द्वारा कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की जाकर करीब 2 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त किया जाना पाया गया है। जिसके सम्बन्ध में आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी से इस घटना के अलावा अन्य वारदात खुलने की सम्भावना है। इस कार्रवाई में साइबर थाना से एसएचओ श्रीराम मीना, एसआई सागर मीना, कांस्टेबल खुशीराम, डीएसटी से कांस्टेबल देवकीनन्दन व साइबर सेल से कांस्टेबल लोकेश शामिल रहे।

# मंदिरों में चोरी करने वाली गैंग के तीन आरोपी गिरफ्तार

**मौज शौक के खर्चे पूरे करने के लिए चुराते थे मंदिरों की दानपेटी**




पदमावत मीडिया

**डूंगरपुर।** जिले की दोवड़ा थाना पुलिस ने 3 शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। मौज शौक के खर्चे पूरे करने के लिए तीनों बदमाश मंदिरों को निशाना बनाकर दानपेटी चुराते थे। आरोपियों ने 3 मंदिरों में चोरी की वारदातें कबूल कर ली हैं। दोवड़ा थानाधिकारी मदनलाल ने बताया कि 27 नवम्बर को खेरमाल गांव के लोगों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया की जांबूखंड भैरवजी मंदिर खेरमाल में 23 नवंबर को रात के समय चोरों ने मंदिर के सीसीटीवी कैमरे ओर सेंसर तोड़ दिए थे। चोर मंदिर से दानपेटी तोड़कर दान राशि भी चुराकर ले गए थे। घटना को लेकर लोगो ने आक्रोश जताया था। लोगो ने बताया था कि एक बार पहले भी मंदिर में चोरी की वारदात हुई थी। घटना को लेकर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को आरोपियों के बारे में सुराग मिले। पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल (20) पुत्र छगनलाल परमार निवासी पाल मांडव डूंगरा फला, सेतु (19) पुत्र अर्जुन परमार निवासी पाल मांडव डूंगरा फला ओर सुनील (20) पुत्र भ्रतभूषण परमार मीणा निवासी पाल मांडव डूंगरा को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों ने कोलखंडा के बीजाहरण माता मंदिर, खेरमाल जांबूखंड मंदिर ओर खेरमाल मीरा बाई धूणी मंदिर में चोरी की वारदातें भी कबूल कर लीं हैं। तीनों आरोपियों ने मौज शौक के खर्चे के लिए मंदिरों से दानपेटी चोरी की वारदात कबूल कर ली है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## बड़गांव-कविता रोड को 60 फीट चौड़ा ही किया जाए, मुआवजा भी पर्याप्त दो

# जनसुनवाई में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने रखी जनहित की बात

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जिला कलेक्ट्रेट में गुरूवार को हुई जिला स्तरीय जनसुनवाई में बड़गांव क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ ही क्षेत्रवासियों ने जनहित के मुद्दे अधिकारियों को बताए। बड़गांव सरपंच संजय शर्मा ने ग्राम पंचायत बड़गांव में आबादी भूमि पर पट्टे जारी करने पर बैवजह जिला प्रशासन द्वारा लगाई रोक को हटाने की मांग की। सरपंच ने कहा कि बड़गांव मुख्य आबादी, कटारा और पालड़ी में लोग वर्षों से निवास कर रहे है उनको भी जिला कलेक्टर की रोक के चलते पट्टे जारी नहीं हो पा रहे है। जनहित में पट्टे जारी करने की स्वीकृति दी जाए। सरपंच ने जल जीवन मीशन के तहत कटारा गांव और बांडीनाल में पेयजल की पर्याप्त सुविधा देने की मांग भी की। उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा बड़गांव आरामशीन से कविता गांव तक मौजूदा रोड को 100 फीट चौड़ा करने से प्रभावित लोग भी जनसुनवाई में पहुंचे। लोगों ने सवाल उठाया कि साइफन से बड़गांव रोड 60 फीट चौड़ी भी नहीं है। यूडीए द्वारा बड़गांव में रोड को 60 फीट चौड़ा ही किया गया तो इसके आगे कविता तक 100 फीट करना उचित नहीं है। इससे प्रभावित लोगों को ज्यादा नुकसान होगा और लाखों रूपए खर्च करने के बावजूद रोड का उतना उपयोग नहीं होगा। ऐसे में कविता तक भी रोड को 60 फीट ही चौड़ा किया जाए। इससे लोगों को कम नुकसान होगा।

# डॉ रजत का अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** बी एन. इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रजत वैष्णव ने देहरादून उत्तराखंड में 12 से 15 दिसम्बर को आयोजित 10वीं वर्ल्ड आयुर्वेदिक कॉन्फ्रेंस में इनकॉरपोरेशन ऑफ़ नॉवेल फॉर्मूलेशन कैटिगरीज एंड ड्रग डिलीवरी सिस्टम इन आयुर्वेदिक फार्माकोपिया पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।



## प्रतापगढ़ पुलिस ने ड्रग तस्करों के गढ़ में बोला धावा, अल सुबह की गई कार्रवाई से मचा हड़कंप

# भोपाल में पकड़ी गई करोड़ों की एमडी ड्रग में वांछित आरोपी शोएब के पिता व भाई सहित तीन गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** जिले की थाना प्रतापगढ़ व अरनोद सहित 6 थानों की पुलिस एवं क्यूआरटी टीम द्वारा गुरुवार अल सुबह ड्रग तस्करी के गढ़ देवल्दी गांव में दबिश देकर ड्रग्स का कारोबार करने वाले एवं इनसे जुड़े वांछित अपराधियों की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया। जिसमें ड्रग तस्करी गिरोह के तीन सरगनाओ को गिरफ्तार कर मौके से संदिग्ध चार चौपहिया व छः मोटरसाइकिल बरामद की है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि प्रतापगढ, अरनोद सहित जिले की अन्य थानों व क्यूआरटी की एक संगठित टीम बनाकर गांव देवल्दी में दबिश देकर तलाशी में संदिग्ध मिले एक स्कोपियों, दो अल्टो कार, एक आई-20 कार व 06 मोटरसाईकिल सहित कुल 10 वाहन जप्त किये गये। इस कार्रवाई




में वकील खान पठान पुत्र शेरअली खान (61), उसके बेटे समीर खान पठान (23) व एक अन्य फरीद खान पठान (23) निवासी देवल्दी थाना अरनोद को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एसपी बंसल ने बताया कि 6 मार्च को थाना प्रतापगढ़ पुलिस की टीम ने अरनोद रोड पर नाकाबंदी में बाइक सवार आरोपी नारायण लाल भोई व प्रदीप मेघवाल निवासी थाना भदेसर चित्तौड़गढ़ को 345 ग्राम एमडीएमए ड्रग सहित गिरफ्तार किया था। इन दोनों को ड्रग देने वाले फरार आरोपी सलमान खा पठान निवासी देवल्दी को पुलिस ने कुछ समय पश्चात गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद ड्रग्स रैकेट में शामिल कुछ बड़े नामों वकील खान एवं उसके बेटे शोएब व समीर खान सहित फरीद खान का खुलासा किया था। शोएब के अतिरिक्त बाकी तीनों को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। शोयब खान का भोपाल में पकड़ी गई एमडी ड्रग्स फैक्ट्री मामले में काफी नाम आया था। इसी क्रम में 16 दिसम्बर को पुलिस ने देवल्दी गांव में 40 करोड की कीमत की एमडी ड्रग्स एवं केमिकल्स जब्त किये थे। एसपी बंसल ने बताया कि इसी के मध्यनजर एमडी ड्रग्स के अवैध धंधे से जुडे लोगों की धरपकड़ के लिए उनके निर्देशन में जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ विनीत कुमार बंसल के निर्देशानुसार वृताधिकारी अरनोद चन्द्रशेखर पालीवाल एवं वृताधिकारी प्रतापगढ गजेन्द्र सिंह राव के मार्गदर्शन में भारी मात्रा में पुलिस बल द्वारा तलाशी अभियान चला उक्त तीनों आरोपियों को गिरफतार किया गया। गिरफतार आरोपी वकील खान स्वयं को पत्रकारिता एवं मानवाधिकार समिति का सदस्य बताते हुए उसी की आड़ में अपने दोनों बेटों शोयब व समीर के साथ मिलकर ड्रग्स का यह कारोबार चला रहा था। अनुसंधान जारी है, इनसे पुछताछ में ड्रग्स कारोबार से जुडे अन्य तथ्यों का भी खुलासा किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।